फीफा विश्व कप 2026 का महासंग्राम 11 से

48 टीमों के बीच होंगे 104 मैच, अभ्यास मुकाबले में इराक ने स्पेन को रोका

11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होगा बड़ा विश्व कप

मैड्रिड, 05 जून. फुटबॉल जगत का सबसे बड़ा आयोजन फीफा विश्व कप 2026 अब बस कुछ ही दिनों दूर है. 11 जून से शुरू होकर 19 जुलाई तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में पहली बार 48 टीमें हिस्सा लेंगी और कुल 104 मुकाबले खेले जाएंगे.

अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में आयोजित होने वाला यह विश्व कप कई मायनों में ऐतिहासिक बनने जा रहा है. वहीं टूर्नामेंट से पहले खेले जा रहे अभ्यास मुकाबलों ने भी रोमांच बढ़ाना शुरू कर दिया है. गुरुवार को खेले गए एक वार्म-अप मैच में इराक ने यूरोपीय दिग्गज स्पेन को 1-1 की बराबरी पर रोककर बड़ा संदेश दिया. फीफा विश्व कप 2026 का विस्तार इसे

अब तक का सबसे बड़ा संस्करण बनाता है. 16 मेजबान शहरों में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में दुनिया भर की 48 राष्ट्रीय टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी. 39 दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में कुल 104 मैच खेले जाएंगे. भारत में फुटबॉल प्रेमी सभी मुकाबलों का सीधा प्रसारण और स्ट्रीमिंग देख सकेंगे. ज़ी5 को टूर्नामेंट का आधिकारिक डिजिटल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म बनाया गया है, जबकि यूनाइट 8 नेटवर्क पर भी मैचों का प्रसारण होगा. विश्व कप से पहले स्पेन और इराक के बीच खेला गया अभ्यास मैच चर्चा का विषय बना रहा. ला कोरुना में खेले गए इस मुकाबले में स्पेन ने शुरुआत से गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और 16वें मिनट में फेरान टोरेस के गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली. हालांकि इराक ने हार नहीं मानी और 27वें मिनट में मेरचास डोस्की के शानदार कर्लिंग शॉट से बराबरी हासिल कर ली. स्पेनिश गोलकीपर जोन गार्सिया उस समय सही स्थिति में नहीं थे और गेंद सीधे नेट में चली गई.स्पेन के कोच लुइस डे ला

फुएंते ने इस मुकाबले में कई नए खिलाड़ियों को मौका दिया. बार्सिलोना के युवा मिडफील्डर मार्क बर्नल और रियल सोसिदाद के डिफेंडर जॉन मार्टिन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण किया. वहीं कई नियमित खिलाड़ी चोट, आराम या अन्य

> अब स्पेन अपनी अंतिम तैयारियों के लिए अमेरिका रवाना होगा, जहां वह 9 जून को पेरू के खिलाफ अंतिम वार्म-अप मैच खेलेगा. इसके बाद 15 जून को काबो वर्डे के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत करेगा. वहीं इराक की अगली परीक्षा नॉर्वे के खिलाफ होगी. विश्व कप 2026 जहां फुटबॉल के वैश्विक विस्तार का प्रतीक बनेगा, वहीं इराक जैसे देशों के प्रदर्शन यह साबित कर रहे हैं कि आधुनिक फुटबॉल में अब किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता. 11 जून से शुरू होने वाला यह महाकुंभ दुनिया भर के करोड़ों प्रशंसकों को एक महीने से अधिक समय तक रोमांचित करने के लिए तैयार है.

कारणों से मैदान से बाहर रहे. इसके बावजूद स्पेन के पास 72 प्रतिशत बॉल पजेशन रहा, लेकिन टीम इराक की सघन रक्षापंक्ति को भेदने में सफल नहीं हो सकी.

प्रज्ञानंद नॉर्वे चेस खिताब की दौड़ में फाइनल राउंड में पहुंचे

ओस्लो (नॉर्वे), 05 जून भारत के प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने नॉर्वे चेस 2026 के नौवें राउंड में हमवतन गुकेश डोम्माराजू को हराकर शुक्रवार को होने वाले फाइनल राउंड में जगह बना ली है.

वहीं बिबिसारा असौबायेवा ने महिला वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया है. वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन के खिलाफ़ वेस्ली सो का क्लासिकल गेम बराबरी (ड्रॉ) पर खत्म हुआ. इसके बाद सो ने आर्मागेडन गेम जीता, जिससे उन्हें अतिरिक्त अंक मिले और फ़ाइनल राउंड से पहले उनकी बढ़त बनी रही. प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने दिन की अहम क्लासिकल जीत हासिल की और काले मोहरों के साथ खेलते हुए वर्ल्ड चैंपियन गुकेश डोम्माराजू को हराया. एक मुश्किल मुकाबले में, मिडिलगेम में गुकेश के दबाव में आने के बाद प्रज्ञानंद ने खेल पर नियंत्रण बना लिया और आत्मविश्वास के साथ जीत हासिल की.

पूरे तीन अंक मिलने के बाद प्रज्ञानंद के 15 अंक हो गए हैं और वह टूर्नामेंट में सबसे आगे चल रहे वेस्ली सो से केवल आधे अंक पीछे हैं. अलीरेजा फिरोजा भी खिताब की दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं. विंसेंट कीमर के खिलाफ एक मुश्किल क्लासिकल गेम से उबरने के बाद, फिरोजा ने आर्मागेडन में जीत हासिल की और अतिरिक्त अंक बटोर लिया. कीमर ने क्लासिकल गेम के लंबे समय तक दबाव बनाए रखा लेकिन फिरोजा ने समझदारी से बचाव किया और खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा.

सोने की नीलामी की सूचना

बजाज फाईनान्स लिमिटेड ("BFL"); पंजीकृत कार्यालय: मुंबई-पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे- 411035

BAJAJ FINANCE

ऋणियों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित ऋणियों ने बार-बार सूचना दिए जाने के बावजूद लोन का भुगतान या आवश्यक मार्जिन जमा नहीं किया है। इस कारण, ऋणियों द्वारा लोन के विरुद्ध सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने की नीलामी "जैसा है, जहाँ है" के आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार की जाएगी:

1. क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (सोने का विवरण एवं सकल वजन) की सम्पूर्ण जानकारी देखें, 2. बोलीदाताओं के लिए सभी नियम एवं शर्तें निम्न लिंक पर उपलब्ध हैं: All about our Terms and Conditions - Bajaj Finance Limited 3. सभी बोलीदाताओं को नीलामी से पूर्व ₹25,000/- की अग्रिम जमा राशि (EMD) ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है; 4. नीलामी स्थल पर प्रातः 10 बजे वैध पहचान एवं पते के प्रमाण के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है।

नीलामी की तिथि में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित किया जाएगा। बोली प्रस्तुत करना उपरोक्त नियमों एवं शर्तों की स्वीकृति माना जाएगा। अधिक जानकारी के लिए wecare@bajajfinserv.in पर संपर्क करें।

(10-07-26): **अशोक नगर - विदिशा बायपास रोड**; POZ6GOL22980916. **आष्टा - कन्नौद रोड**; POX6GOL19795806, 20361242, 20777594, 22997744, 23187858. **बरेली - राठी कॉलोनी**; PCA3GOL22945047. **बैतूल - शर्मा कॉम्प्लेक्स**; PCA4GOL18553223, 19592601, 20493352. **भिंड - ग्वालियर रोड**; POZ5GOL19612257, 20497206. **भोपाल - अशोका गार्डन**; PPC8GOL23145095. **भोपाल - इमामी गेट**; PF46GOL19770912, 20731953, 23575883. (13-07-26) **भोपाल - इंद्रपुरी**; PF49GOL15897350, 16992107, 18993286, 19188196, 22477419, 22998619. **बीना - इटावा स्टेशन रोड**; PCA6GOL20927337, 23008124. **छिंदवाड़ा - परासिया रोड**; PEQ1GOL19832920, 23032203, 23386261. **डबरा - मेन रोड**; PKH4GOL19116238. **दमोह - मेन रोड**; PQD8GOL20522638, 21598187, 22813890, 23634806. **दतिया - सीता सागर**; PMN5GOL20160009. (14-07-26) **देवास - एबी रोड**; PGG2GOL22289908, 22753128. **देवास - मां चामुंडा टेकरी**; PQH2GOL20673573. **गाडरवारा - इंद्रा वार्ड**; PKA3GOL20877534, 23243327. **गंज बासौदा - मेन रोड**; PO2WGOL19333181, 19794605, 22240445. **गुना - ए बी रोड**; PEH2GOL17063220, 18567080, 19488807, 19602565, 21781937, 22258807, 22959129. **ग्वालियर - सिटी सेंटर**; PCA7GOL16926610, 17156909, 20168626, 20338708, 21850474, 22480114. (15-07-26) **ग्वालियर - गोले का मंदिर**; PJD1GOL16786933, 16883785, 18936643, 19117249, 19139524, 19817398, 21066269, 22209664, 23219835. **ग्वालियर - नया बाजार**; PF25GOL18479531, 18561894, 19421318, 19811884, 19807832, 21418948, 21780451, 21786129, 22267338, 22435929, 23035379, 23205451. **ग्वालियर - तानसेन रोड**; PPC9GOL18489527, 19802760, 21080849. **ग्वालियर - विनय नगर**; PEF2GOL18413405, 19646960, 20117663, 20337160, 22418307, 22957039, 23018174, 23194738. **हरदा - बाफना टॉवर**; PCA8GOL19642906, 21053995. **होशंगाबाद - मीनाक्षी चौक**; PCA9GOL19319982, 19813587, 21400014, 22417379. (16-07-26): **इंदौर - अन्नपूर्णा रोड**; PER2GOL22242328. **इंदौर - मरीमाता स्क्वायर**; POZ2GOL19751329. **इंदौर - विजय नगर**; PGJ9GOL16773837, 21077838, 23430078. **इटारसी - सराफा बाजार**; PO3WGOL18893688, 21359748, 22461107, 23256832. **जबलपुर - दीनदयाल चौक**; PEH4GOL18465347, 19643686. **जबलपुर - रद्दी चौकी**; POX3GOL21073920, 21370420, 23548751, 23571538. (17-07-26) **जबलपुर - राइट टाउन**; PGO3GOL19296854, 19781475, 20362995, 20360317, 20367219, 20545108, 20715597, 20678450. **कटनी - सुभाष चौक**; POX4GOL19299794, 20767972. **खंडवा - शिवाजी चौक**; PCP1GOL19269439, 19498796, 20543889, 21873171. **मंदसौर - नयापुरा रोड**; PMI9GOL21072453. **महू - हरी फाटक**; PMN4GOL20299164, 21060566. **मुरैना - शिवनगर**; PJC8GOL18564569, 18637064, 19806310, 23057122, 23430527, 23392031. (20-07-26): **नरसिंहपुर - बीजीएल**; PNT1GOL23343301. **नीमच - गांधी वाटिका**; POZ4GOL19599416. **रतलाम - गीता मंदिर रोड**; PQE3GOL18615901. **रीवा - बीजीएल**; PNR9GOL20724312, 20877939. **सागर - मकरोनिया**; PQH1GOL22237681. **सनावद - इंदौर खंडवा रोड**; PQD4GOL20123726. (21-07-26) **सतना - रीवा रोड**; PCP2GOL18415571, 18414682, 18416926, 18416252, 18415899, 18415149, 18878107, 19094659, 23198160. **शहडोल - बीजीएल**; PNT3GOL16832024, 18561969, 18911827. **श्योपुर - शिवपुरी रोड**; PLC3GOL22257818, 22770498. **शिवपुरी - एबी रोड**; PEH3GOL18481141, 18552010, 19668702, 19753653, 21431693, 21635658, 22764741, 22751596. **उज्जैन - फ्रीगंज**; PCP4GOL19493592, 21056770, 21641005, 22224945, 22244398, 22728488, 22987295, 23192115. **विदिशा - खरी फाटक रोड**; POX9GOL21431836.

बजाज फाईनान्स लिमिटेड

काबुनी ने श्रेयस अय्यर को सुपर कोच बनाया

मुंबई, 05 जून क्रिकेट ट्रेनिंग को नई दिशा देने वाले एआई-संचालित स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म, काबुनी ने आज भारत के सबसे दमदार बल्लेबाज़ों में से एक, श्रेयस अय्यर, को सुपर कोच के रूप में शामिल करने की घोषणा की.

श्रेयस अय्यर अब काबुनी के सुपर कोचेस की बढ़ती सूची का हिस्सा बन गए हैं, जिसमें सौरव गांगुली, शेन वॉटसन और एबी डिविलियर्स जैसे दिग्गज शामिल हैं. ये चारों 7 जून को मुंबई में होने वाले काबुनी शोकेस में उपस्थित रहेंगे, जहाँ काबुनी अपने प्लेटफॉर्म और भारत में स्कूलों, अभिभावकों तथा उभरते क्रिकेटर्स के लिए उपलब्ध अवसरों को औपचारिक रूप से पेश करेगा. इस लॉन्च का प्रमुख आकर्षण 'वॉन्ट टू प्ले फॉर ए लीजेंड?' नाम का नया राष्ट्रीय युवा क्रिकेट टूर्नामेंट होगा, जिसकी शुरुआत जून में होना निर्धारित है. 12 से 16 वर्ष आयु वर्ग के क्रिकेटर इसमें हिस्सा ले सकेंगे. प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ी काबुनी की तकनीक के जरिए अपना हुनर दिखाएँगे और श्रेयस अय्यर की टीम में खेलने का मौका हासिल करने के लिए मुकाबला करेंगे. इस चयन प्रक्रिया में काबुनी के रियल-टाइम फीडबैक टूल्स अहम् भूमिका निभाएँगे. काबुनी खिलाड़ियों की गतिविधियों और गेंद से जुड़े आँकड़ों को रियल-टाइम में ट्रैक करता है और उन्हें वॉइस, वीडियो तथा विजुअल गाइडेंस के माध्यम से व्यक्तिगत फीडबैक प्रदान करता है. यह प्लेटफॉर्म '1% इम्प्रूवमेंट' की सोच पर आधारित है, जहाँ छोटे-छोटे सुधार समय के साथ बड़े बदलाव में बदल जाते हैं. बायोमैकेनिक्स और मोशन ट्रैकिंग जैसी आधुनिक तकनीकों के जरिए काबुनी ऐसी कोचिंग को हर स्तर के खिलाड़ियों तक पहुँचाने का प्रयास कर रहा है, जो पहले सिर्फ शीर्ष स्तर के क्रिकेटर्स को ही उपलब्ध होती थी.

7 जून को होंगे फेज 2 ट्रायल्स

नयी दिल्ली. अपने उद्घाटन ट्रायल चरण की शानदार सफलता के बाद, दिल्ली प्रो वॉलीबॉल लीग (डीपीवीएल) ने आगामी रविवार, को फेज-2 ट्रायल्स आयोजित करने की घोषणा की है. यह ट्रायल्स सुबह 8:00 बजे से लक्ष्मी पब्लिक स्कूल, कड़कड़डूमा, दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे. फेज 1 ट्रायल्स में जिन खिलाड़ियों को पुष्टि कॉल प्राप्त हुई थी, उनमें 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई, जो लीग के पहले सीज़न का हिस्सा बनने के लिए खिलाड़ियों के उत्साह और रुचि को दर्शाती है. अब डीपीवीएल अपनी प्रतिभा खोज प्रक्रिया का विस्तार दिल्ली से बाहर करते हुए उत्तर भारत के सात राज्यों और क्षेत्रों के खिलाड़ियों को आमंत्रित कर रहा है. इनमें उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर शामिल हैं.

भारत-अफगान टेस्ट से शुरू होगा गिल का दौर

> ▸ शुभमन की कप्तानी में नया टेस्ट दौर शुरू
> भारत का दबदबा और पिच की भूमिका अहम

मुल्लांपुर, 05 जून भारतीय टेस्ट क्रिकेट में शनिवार से एक नए दौर की शुरुआत हो रही है. शुभमन गिल की कप्तानी में टीम एक बदलाव के दौर (ट्रांज़िशन फ़ेज़) में कदम रख रही है और मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अफ़ग़ानिस्तान के खिलाफ़ एक टेस्ट मैच खेलेगी.

यह मैच आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकल का हिस्सा नहीं है. पिछले साल नवंबर के बाद भारत रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी कर रहा है. यह मैच ऐसे समय में हो रहा है जब टीम में पीढ़ीगत बदलाव (जेनरेशनल शिफ्ट) हो रहा है और सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं. गिल के लिए यह सीरीज़ लीडरशिप की शुरुआती परीक्षा है. वह एक युवा और नई टीम का नेतृत्व करते हुए भारत के लंबे समय के टेस्ट कप्तान के तौर पर अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे. भारत ने इस मैच का इस्तेमाल अपनी बेंच स्ट्रेंथ बढ़ाने के लिए किया है, जिसमें स्थापित खिलाड़ियों के साथ-साथ कई उभरते हुए खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया है.

उम्मीद है कि भारत की बैटिंग लाइन-अप की शुरुआत केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल करेंगे, और मिडिल ऑर्डर में साई सुदर्शन, गिल और ऋषभ पंत होंगे. निचले क्रम में वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश कुमार रेड्डी जैसे ऑलराउंडर विकल्प मौजूद हैं, जिससे सीनियर खिलाड़ियों की गैर-मौजूदगी में भी टीम को काफी गहराई मिलती है. गिल शानदार फ़ॉर्म में हैं; उन्होंने 2025 में नौ टेस्ट मैचों में 70.21 की औसत से 983 रन बनाए हैं. उनके शानदार प्रदर्शन में एजबेस्टन में बनाए गए ऐतिहासिक 269 रन भी शामिल हैं. जो टेस्ट क्रिकेट में उनकी बढ़ती अहमियत को दिखाते हैं.हशमतुल्लाह शाहिदी की कप्तानी में अफ़ग़ानिस्तान की टीम टेस्ट क्रिकेट में कम अनुभव के साथ आई है, लेकिन उनके पास एक ऐसा कोर ग्रुप है जिसने मुश्किल हालात में भी अच्छा खेल दिखाया है. रहमत शाह इस फ़ॉर्मेट में उनके सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज़ हैं, जबकि रहमानुल्लाह गुरबाज ओपनिंग में आक्रामक खेल दिखाते हैं.

वहीं, अफ़ग़ानिस्तान 2017 में 'फ़ुल मेंबर' का दर्जा मिलने के बाद से मिले-जुले प्रदर्शन के बाद टेस्ट क्रिकेट में अपनी पहचान बनाने की कोशिश करेगा. उनका पिछला टेस्ट मैच ज़िम्बाब्वे के ख़िलाफ़ हार में बदला था । जिसमें लगातार दबाव के सामने उनकी कमज़ोरियाँ उजागर हुई थीं.

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्सः +914445644022

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निदेशों के अनुसार एनपीए के रूप में वगीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

स. क्रं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1	144951129	संपत्ति के बदले ऋण	30.04.2026	7,52,847.74/-

उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नामः 1. पंधारी भगन 2. चंपा पंधारी

संपत्ति का पताः 223.04 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाली वह संपत्ति/प्लॉट, जिसमें वर्तमान में निर्मित क्षेत्र (भूतल सहित) 223.04 वर्ग मीटर है और जिस पर मकान बना हुआ है, जो पीएच नं. 05, ग्रामः दयालपुरा, तहसीलः गोगावां, जिलाः खरगोन, म.प्र.-451335 में स्थित है और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में सड़क और श्री मुकेश, पश्चिम में सड़क, उत्तर में श्री शिवराम का मकान, दक्षिण में सड़क।

स. क्रं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
2	133922471	संपत्ति के बदले ऋण	02.04.2026	6,67,682.68/-

उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नामः 1. दिलीप गेंदालाल 2. कुंता बाई दिलीप

संपत्ति का पताः प्लॉट संख्या 109 (पी), खसरा संख्या 94 (बी), पी.एच. संख्या 05 (दयालपुरा), ग्राम पंचायत सीमा, तहसील गोगावां, ग्राम दयालपुरा, खरगोन, मध्य प्रदेश में स्थित संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और भाग, जिसका क्षेत्रफल 203 वर्ग मीटर है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तरः प्लॉट संख्या 104 (पी), दक्षिणः प्लॉट संख्या 165 (पी), प्लॉट संख्या 159 (पी), पूर्वः प्लॉट संख्या 107 (पी) और 108 (पी), पश्चिमः प्लॉट संख्या 103 (पी)।

स. क्रं.	ऋण खाता संख्या	ऋण का प्रकार	धारा 13 (2) नोटिस तिथि	धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि
3	76856161	संपत्ति के बदले ऋण	13.04.2026	4,73,449.68/-

उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नामः 1. हिम्मत सिंह राजपूत 2. ज्योति राजपूत

संपत्ति का पताः मकान सं.12 का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, कुल क्षेत्रफल 2100 वर्ग फुट, जो आबादी सर्वे सं.118, पीएच नं. 30, ग्रामः कोलूखेड़ी, वार्ड सं.10, ग्राम पंचायतः मथुराखेड़ी, तहसील और जिलाः अगर, म.प्र.-465230 में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में गंगाराम की भूमि, पश्चिम में सामान्य सड़क, उत्तर में ईश्वर सिंह का घर, दक्षिण में चंदर सिंह की भूमि।

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध SARFAESI अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** के रूप में जाना जाता है) . इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी

दिनांकः 06.06.2026 **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड**
स्थानः मध्यप्रदेश **के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**

SBFC एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्ववर्ती एसबीएफसी फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड)

पंजीकृत कार्यालयः- यूनिट नंबर 103, पहली मंजिल, सी एंड बी स्क्वायर, संगम कॉम्प्लेक्स, गांव चकाला, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई-400059।

मांग नोटिस

जबकि नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं ने एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड से वित्तीय सहायता प्राप्त की थी। हम यह बताते हैं कि वित्तीय सहायता प्राप्त करने के बावजूद, उधारकर्ताओं/गिरवीदारों ने नियत तिथियों पर ब्याज और मूलधन के भुगतान में कई चूक की हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के आदेशानुसार, एसबीएफसी की पुस्तकों में इस खाते को नीचे उल्लिखित संबंधित तिथियों पर गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एन परफॉर्मिंग एसेट) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("SARFAESI अधिनियम") के अंतर्गत, और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित उधारकर्ताओं/गिरवीदारों को संबंधित तिथियों पर मांग नोटिस जारी किए गए हैं, जिनमें निम्नलिखित उधारकर्ताओं/गिरवीदारों को नोटिस में उल्लिखित राशि, संविदात्मक दर पर ब्याज सहित, नोटिस में उल्लिखित राशि और आकस्मिक व्यय, लागत, शुल्क आदि का भुगतान नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने के लिए कहा गया है। उनके अंतिम ज्ञात पते पर भेजे गए नोटिस अप्राप्य वापस आ गए हैं, अतः उन्हें इस संबंध में सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है।

स क्र.	ऋणकर्ता का नाम / पता	मांग की तिथि सूचना एवं एनपीए	ऋण संख्या और बकाया राशि	सुरक्षित परिसंपत्ति(यों) का उचित पता
1	1. प्रहलाद भाटी (आवेदक) 2. प्रतिमा भाटी (सह-आवेदक 1) पताः सर्वेक्षण संख्या 594, पटवारी हल्का नंबर 26, ग्राम नादेड़, तहसील मकदोन, जिला. उज्जैन, मध्य प्रदेश - 456668.	मांग सूचना की तिथिः 29 मई 2026 एनपीए (एनपीए) 06 मई 2026	ऋण खाता संख्या SBFCLAP0000215676 (PR01816538) और SBFCLAP0000276263 (PR01889745), ऋण राशि रू.19,40,000/- (उन्नीस लाख चालीस हजार मात्र) जिसमें से रू. 16,20,000/- सुविधा के लिए समझौता सं. SBFCLAP0000215676 (PR01816538)और रू. 3,20,000/- सुविधा के लिए समझौता सं. SBFCLAP0000276263 (PR01889745)। कुल बकाया राशिः रू. 21,44,685/- (ईक्कीस लाख चौवालीस हजार छह सौ पिच्यासी मात्र) दिनांक 12 मई, 2026 तक, साथ ही 13 मई, 2026 से अब तक का ब्याज भी शामिल है।	सर्वे संख्या 594, पटवारी हल्का संख्या 26 पर स्थित संपत्ति का पूरा टुकड़ा 144.92 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैला हुआ। ग्राम नादेड़, तहसील मकदोन, जिला उज्जैन, मध्य प्रदेश -456668। सीमाएँः पूर्वः गीता बाई की कृषि भूमि, पश्चिमः रास्ता, उत्तरः स्वयं निर्मित टिन शेड, दक्षिणः संतोष पुत्र गुलाब का घर।

उपरोक्त परिस्थितियों में, उपरोक्त उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं को यह सूचना दी जाती है कि वे उपर्युक्त बकाया राशि का भुगतान भविष्य के ब्याज और लागू शुल्कों सहित इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर करें, अन्यथा इस सूचना की तिथि से 60 दिनों की समाप्ति के बाद उधारकर्ताओं और गिरवीदारों की गिरवी संपत्तियों पर कब्जा करने सहित, सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) और उसके अंतर्गत लागू नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी। कृपया ध्यान दें कि सरफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के अंतर्गत, कोई भी उधारकर्ता, गिरवी ऋणदाता की पूर्व लिखित सहमति के बिना, नोटिस में उल्लिखित अपनी किसी भी गिरवी संपत्ति को बिक्री, पट्टे या किसी अन्य माध्यम से हस्तांतरित नहीं करेगा।

दिनांकः 06.06.2026, स्थानः उज्जैन (मध्य प्रदेश) **एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड**

Chola चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड
Enter a better life

कॉर्पोरेट कार्यालयः "चोला क्रेस्ट", सी54 और 55, सुपर बी-4, थिरु.वी.का औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई - 600 032.

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की सूचना

प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, नियम 9(1) सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। (नियम 8 एवं 9)

आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गिरवीदार को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखी गई हैं और जिनका सांकेतिक कब्जा चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें आगे चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के रूप में संदर्भित किया जाएगा। सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री "जैसी है, जहां है", "जैसी है वैसी ही" और "जो कुछ भी उपलब्ध है" के आधार पर ई-नीलामी के माध्यम से की जाएगी।
आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट https://bankauctions.in/ के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

स.क्र. 1: ऋण खाता संख्या PR00036494, PR00040976 और PR00039860, उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, गिरवीदारों के नामः **1. मेकल मार्केटिंग,** (उधारकर्ता), 36, स्टेशन रोड, खरगोन, इंदौर, मध्य प्रदेश 451001, **2. रंजना,** (सह-उधारकर्ता), 20/एल स्टेशन रोड, बरवाहा, वार्ड संख्या 11, बरवाहा, खरगोन-451115। **3. दिव्या जोशी,** (सह-उधारकर्ता)। **4. विनोद गौशिंदे,** (सह-उधारकर्ता), 3 और 4 के निवास स्थानः 16, स्टेशन रोड, बरवाहा, खरगोन-451115। 5. अभिजीत गौशिंदे, (सह-उधारकर्ता), स्टेशन रोड, बरवाहा, खरगोन-451115। बकाया राशिः 2,62,26,362, 16.02.2026 तक

अचल संपत्ति [सुरक्षित परिसंपत्ति] का विवरणः

मद संख्या 1: मकान संख्या सी-81, पटवारी हल्का संख्या 48, ईडब्ल्यूएस, एमपी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बरवाहा, तहसील बरवाहा, जिला खरगोन (म.प्र.) 451115 में स्थित भूखंड का वह पूरा टुकड़ा और भाग। भूखंड का क्षेत्रफल 54.00 वर्ग मीटर है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में भूखंड संख्या सी/80 ईडब्ल्यूएस, पश्चिम में भूखंड संख्या सी/82 ईडब्ल्यूएस, उत्तर में सड़क, दक्षिण में भूखंड संख्या सी/70।
आरक्षित मूल्यः 17,43,000/-, ईएमडी राशिः 1,74,300/-, बोली वृद्धि राशिः 1,00,000/-

मद संख्या 2: वार्ड संख्या 11 (नया), पटवारी हल्का संख्या 48, मकान संख्या 17 (पुराना), 17/1 (नया), तहसील बरवाहा, जिला खरगोन में स्थित मकान का वह पूरा टुकड़ा और हिस्सा, जिसका क्षेत्रफल 462 वर्ग फुट (42.94 वर्ग मीटर) है, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः सड़क, पश्चिमः रोहन पुत्र दिलीप जैन का मकान, उत्तरः ताराचंद अग्रवाल का मकान।
आरक्षित मूल्यः 34,98,000/-, ईएमडी राशिः 3,49,800/-, बोली वृद्धि राशिः 1,00,000/-

मद संख्या 3: मकान संख्या 18, वार्ड संख्या 11, स्टेशन रोड, तहसील बरवाहा, जिला खरगोन पश्चिम निमाड में स्थित मकान का पूरा टुकड़ा और पार्सल। कुल प्लॉट क्षेत्रफल 446 वर्ग फुट + 353 वर्ग फुट।
आरक्षित मूल्यः 82,98,000/-, ईएमडी राशिः 8,29,800/-, बोली वृद्धि राशिः 1,00,000/-

मद संख्या 4: वार्ड संख्या 01, प्लॉट संख्या 138, विनोद मार्ग, महेश्वर तहसील बरवाहा, जिला खरगोन में स्थित भूखंड का वह पूरा टुकड़ा और भाग, जिसका क्षेत्रफल 2700 वर्ग फुट/250.93 वर्ग मीटर है। जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व-गली, पश्चिम-गली, उत्तर-अयोध्या प्रसाद तिवारी का घर, दक्षिणः अन्य भूमि।
आरक्षित मूल्यः 47,25000/-, ईएमडी राशिः 4,72,500/-, बोली वृद्धि राशिः 1,00,000/-

मद संख्या 5: भूखंड संख्या 11, पटवारी हल्का संख्या 46, औद्योगिक क्षेत्र, नर्मदा रोड, बरवाहा, तहसील बरवाहा, जिला खरगोन में स्थित भूखंड का वह पूरा टुकड़ा और भाग, जिसका क्षेत्रफल 2815.98 वर्ग मीटर है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः औद्योगिक क्षेत्र रोड, पश्चिमः विभागीय भूमि, उत्तरः मेसर्स कन्हैया ऑयल मिल, दक्षिणः मेसर्स गायत्री इंडस्ट्रीज।
आरक्षित मूल्यः 91,79,000/-, ईएमडी राशिः 9,17,900/-, बोली वृद्धि राशिः 1,00,000/-

मद संख्या 6: मकान संख्या सी-80, पटवारी हल्का संख्या 48, ईडब्ल्यूएस, एमपी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बरवाहा, तहसील बरवाहा, जिला खरगोन में स्थित भूखंड का वह पूरा टुकड़ा। भूखंड का क्षेत्रफल 54.00 वर्ग मीटर है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्वः भूखंड संख्या सी/79 ईडब्ल्यूएस, पश्चिमः भूखंड संख्या सी/81 ईडब्ल्यूएस, उत्तरः सड़क, दक्षिणः भूखंड संख्या सी/71।
आरक्षित मूल्यः 31,31,000/-, ईएमडी राशिः 3,13,100/-, बोली वृद्धि राशिः 1,00,000/-

ई-नीलामी की तिथि और समयः 15.07.2026 - सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक (प्रत्येक बार 3 मिनट का असीमित विस्तार)। ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथिः 14.07.2026। संपत्ति निरीक्षण की तिथिः नियुक्ति के अनुसार।

1. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट https://bankauctions.in और www.foreclosureindia.com पर जाएं। ई-नीलामी से संबंधित जानकारी, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, इच्छुक बोलीदाता मेसर्स फोरक्लोजर से संपर्क कर सकते हैं (संपर्क व्यक्तिः श्री नितेश पवार, फोन नंबरः 8142000725, ईमेलः nithesh@bankauctions.in)।
2. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए नियम और शर्तों की अधिक जानकारी के लिए कृपया https://bankauctions.in/ और https://cholamandalam.com/news/auction-notices पर जाएं या श्री आशीष कुमार पांडा (फोनः 98195 38003) / श्री अमित शर्मा (फोनः 7566766000) से संपर्क करें।

यह नियम 8(6), नियम 8 और 9 तथा सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के तहत एक वैधानिक 30 दिन की बिक्री सूचना भी है।

दिनांकः 06.06.2026 — एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
स्थानः इन्दौर — चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड।

NAME CHANGE

I, **VANESSA ANN VICTOR AGRAWAL** has changed my name to **VANESSA VICTOR AGRAWAL, W/O ARVIND AGRAWAL** and now I would be known as **VANESSA VICTOR AGRAWAL, W/O ARVIND AGRAWAL.**
Add: 101/6, Shalimar Malwa Enclave, MR-9 Sq, AB Road. Indore (M.P) 452001

NAME CHANGE

I **MUFADDAL S/O KAIED JOHAR** HERE BY DECLARE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO **MUFFADDAL RAMLAWALA S/O KAIED JOHAR** HENCEFORTH; I SHALL BE KNOWN AS **MUFFADDAL RAMLAWALA S/O KAIED JOHAR** FOR ALL FUTURE PURPOSES.
ADDRESS: 419K, ASHOK MARG MANDSAUR M.P. - 458001

NAME CHANGE

I, **Mukesh Gupta** here by declare that I have change my minor daughter Name from **Nainsi Gupta D/O Mukesh Gupta** to **Nancy Gupta D/O Mukesh Gupta** Henceforth, she shall be known and identified by the name **Nancy Gupta D/O Mukesh Gupta** for all Future purposes.
Address : Billod Darwaja Gram Post Nahargarh, Tehsil Sitamau Mandsaur, Madhya Pradesh 458558

कार्यालय नगर परिषद, जीरन जिला नीमच (म.प्र.)

एन.आई.टी. संख्या - 1052 / ई-टेण्डर / 2026 — नियम 91 (1) (क) (ii) — जीरन, दिनांक- 04.06.2026

:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::
मध्यप्रदेश शासन

निम्नलिखित निर्माण / आपूर्ति / सेवाओं के लिए निविदा मानदंडों को पूरा करने वाले ठेकेदारों / कंसल्टेंट्स और ख्याति प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन (Online) बोली आमंत्रित हैं।

क्रम संख्या	पैकेज / कोड	निर्माण/आपूर्ति/सेवाओं	जिला	संभावित राशि (लाख में)	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य
01	2026_UAD_513241	CONSTRUCTION OF CC ROAD IN DIFFRENT WARDS AT NAGAR PARISHAD JEERAN	नीमच	34,25,553	25,700	5,000
02	offline	जीरन में कमरिया माता मंदिर के पास एल.टी. लाईन विस्तारीकरण कार्य	नीमच	1,07,198	2150	1000

शर्तें :-
1. इच्छूक बोलीदाता website- https://www.mptenders.gov.in पर एनआईटी देख सकते है। 2 .क्र. सं. 1 हेतु सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर टेण्डर क्रय की दिनांक 04.06.2026 (18:55 बजे) से दिनांक 06.07.2026 (17:30) एवं ऑनलाईन बीड सबमिट करने की दिनांक 04.06.2026 (18:55 बजे) से दिनांक 06.07.2026 (17:30) तक है। एवं बिड ओपन की दिनांक 08.07.2026 (11:00 बजे) है। 3. क्र.स. 2 ऑफलाईन हेतु सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर टेण्डर क्रय की दिनांक 04.06.2026 (17:30 बजे) से दिनांक - 19.06.2026 (15:00) एवं टेंडर सबमिट करने की दिनांक 04.06.2026 (17:30 बजे) से दिनांक -19.06.2026 (15:30) तक है। एवं बिड ओपन की दिनांक 22.06.2026 (11:00 बजे) है। 4.एनआईटी में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्रों में नहीं । 5. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया नगर परिषद जीरन से सम्पर्क करें। फोन नम्बर 07423-236535 । 6.निविदा संबंधी शर्तें website- https://www.mptenders.gov.in पर एनआईटी में देख सकते है।

(रामकरण सगवारिया)	(मुकेशराव तावरे)	(यशवंत सगवारिया)	(विकास डावर)
अध्यक्ष	उपाध्यक्ष	निर्माण सभापति	मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगर परिषद, जीरन (म.प्र.)	नगर परिषद, जीरन (म. प्र.)	नगर परिषद, जीरन (म. प्र.)	नगर परिषद, जीरन (म. प्र.)